Availability of Reservation in Ratnachal Express

717. SHRIV. HANUMANTHA RAO: Will the Minister of RAILWAYS be pleased to state:

(a) whether it is a fact that proper reservation is not avilable in A.C. Chair Car of Ratnachal Express;

(b) whether it is also a fact that the South-Central Railway refuse to issue extended tickets on telescopic fares for passengers corning by Narsapur Express to entrain the Ratnachal Express; and

(c) if so, the reasons therefor?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTER OF RAILWAYS (SHRI SATPAL MAHARAJ): (a) No, Sir, proper arrangements are available.

(b) and (c) As per journey extension rules revised by the Ministry of Railways in 1994, telescopic benefit has been withdrawn on tickets issued for extension of journey. This revised rule is applicable uniformly over the Indian Railways.

बाघों का संरक्षण

718. **श्री दिलीप सिंह जूदेव:** क्या पर्यावरण और वन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) देश में कुल कितने प्रोजेक्ट टाइगर हैं तथा वे किन-किन स्थानों पर कायम किए गए हैं;

(ख) वर्ष 1995 के अंत तक इनमें परियोजना-वार बाघों की संख्या कितनी है;

(ग) वर्ष 1991-92 से 1994-95 के दौरान वर्ष-वार कितने-कितने बाघों के संबंध में इस आशय की सूचना मिली है कि उनका अवैध शिकार किया गया है, जहर देकर मारा गया है तथा उनकी स्वाभाविक मृत्यु हुई; और

(घ) अवैध शिकार करने, जहर से मौत होने और स्वाभाविक मौत के कारण कितने बाघों की खाल प्राप्त की गई है तथा उनके उपयोग के संबध में ब्यौरा क्या है?

पर्यावरण और वन मंत्रालय के राज्य मंत्री (कैप्टन जय नारायण प्रसाद निषाद): (क) और (ख) इस समय देश में बाघ रिजर्वों की कुल संख्या 23 है। उनका स्थान और उसमें उनकी अनुमानित संख्या दर्शाने वाला एक विवरण संलग्न है (**नीचे देखिए**)।

(ग) और (घ) सूचना एकत्र की जा रही है और सदन के पटल पर रख दी जाएगी।

विवरण

क्र०सं०	रिजर्व का नाम व राज्य	1995 में की गई गणना के अनुसार बाघों की अनुमानित संख्या
1.	बांदीपुर (कर्नाटक)	74
2.	कार्बेट (उत्तर प्रदेश)	128
3.	दुधवा (उत्तर प्रदेश)	98
4.	कान्हा (मध्यप्रदेश)	97
5.	मानस (असम)	94
6.	मेलघाट (महाराष्ट्र)	71
7.	पलामू (बिहार)	47
8.	रणथम्भौर (राजस्थान)	38
9.	सिमलीपाल (उड़ीसा)	97
10.	सुन्दरवन (पश्चिम बंगाल)	उपलब्ध नहीं (1993 में 251)
11.	पेरियार (केरल)	39
12.	सरिस्का (राजस्थान)	25
13.	बुक्सा (पश्चिम बंगाल)	31
14.	इन्द्रावती (मध्यप्रदेश)	15
15.	नागार्जुनसागर (आंध्र प्रदेश)	34
16.	नामदफा (अरूणाचल प्रदेश)	52
17.	कालाकड-मुंडनथुरई (तमिलनाडु)	उपलब्ध नहीं (1993 में 17)
18.	बाल्मीकि (बिहार)	उपलब्ध नहीं (1993 में 49)
19.	पेंच (मध्यप्रदेश)	27
20.	ताडोबा-अंधेरी (महाराष्ट्र)	36
21.	बांधवगढ़ (मध्यप्रदेश)	46
22.	पन्ना (मध्यप्रदेश)	22 से 27
23.	दाम्फा (मिजोरम)	04